## बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मझगवां छगरा में हुई घटना, दो गिरफ्तार

# आधी रात को विवाद, युवक ने महिला के ऊपर पेट्रोल छिड़क लगा दी आग

### दामाद से हो रहे वाद विवाद में बीच बचाव करनी पहुंची थी महिला, मुख्य आरोपित फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिला की ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना सामने आई है। घटना बड़वारा थाना क्षेत्र के मझगवां छगरा गांव की है। बताया जाता है कि मामूली कहा सुनी से उपजे विवाद के बाद एक युवक ने महिला के चेहरे पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आग से झुलसी महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार गत देर रात करीब 1 बजे पीड़िता संतरा बाई 50 वर्ष अपने घर पर थीं तभी पड़ोस का रहने वाला भोला कोल वहां पहुंचा और उसने पुराने जमीनी विवाद को लेकर संतरा बाई से गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर भोला ने एक बोतल से पेट्रोल अपने मुंह में भरा और संतरा बाई के चेहरे पर छिड़क दिया। इसके तुरंत बाद उसने माचिस जलाकर महिला को आग लगा दी। आग की लपटों से घिरी संतरा बाई की चीख-पुकार सुनकर घर के अंदर सो रही उनकी बहू बाहर आई। बहू को आता देख आरोपी भोला कोल भाग गया। परिजनों ने तत्काल आग बुझाई और झुलसी हुई महिला को कटनी जिला अस्पताल पहुंचाया।





घटना की सूचना मिलते ही बड़वारा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। पीड़िता संतरा बाई के बयान दर्ज किए। बड़वारा थाना प्रभारी के. के. पटेल ने बताया कि महिला के बयान के आधार पर आरोपी भोला कोल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी मोनू, राज रैकवार और पीड़िता का दामाद देवी दीन एक साथ आहूजा कंपनी में काम करते थे। एक दिन पहले काम के दौरान इनके बीच विवाद हुआ था। इसी को लेकर आरोपी मोनू, राज रैकवार और भोला कोल देवी दीन से विवाद कर रहे थे। शोर सुनकर बीच-बचाव के लिए पीड़िता महिला संतरा बाई पहुंची तो आरोपी भोला कोल ने मुंह में भरा पेट्रोल पीड़िता के ऊपर डालकर माचिस से आग लगा दी। बहू का आरोप है कि यह पूरी घटना हत्या के इरादे से की गई है। तीनों आरोपी आपस में मिले थे। उन्होंने प्लानिंग कर मेरी सास को आग लगाई है।

सूत्रों के अनुसार पुलिस ने दो अन्य संदिग्धों, मोनू रैकवार (25 वर्ष) और राज रैकवार (28 वर्ष) को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है जबकि मुख्य आरोपी भोला कोल फरार बताया गया है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## पेंशन लेने बैंक पहुंचे वृद्ध की थम की गई सांसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पेंशन लेने बैंक शाखा पहुंचे एक वृद्ध की मौत हो गई जिससे परिसर में हड़कंप मच गया। जानकारी अनुसार सेवानिवृत्त कर्मचारी 68 वर्षीय दुर्गा प्रसाद बर्मन बुधवार को अपनी मासिक पेंशन लेने बैंक पहुंचे थे, पेंशन से संबंधित ज़रूरी फॉर्म भरा। दस्तावेज़ काउंटर पर जमा किए। काम पूरा होने के बाद वह बैंक परिसर में रखी एक कुर्सी पर जाकर बैठ गए। कुछ समय बाद जब आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें काफी देर तक स्थिर देखा तो उन्हें हिलाया-डुलाया गया। शरीर में कोई हलचल न होने और कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर बैंक में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना तुरंत पुलिस और परिजनों को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को जिला अस्पताल भिजवाया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में 'पंचनामा' तैयार कर जांच शुरू कर दी है।

## समाजसेवी निर्भय सिंह को किया गया सम्मानित



**कटनी।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय और उत्कृष्ट कार्य करने पर मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर किये गए कार्यों की सराहना की गई। समिति की ओर हम जिला प्रशासन कटनी का धन्यवाद ज्ञापित करते है।

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बेड पर सो रहा कुत्ता

**सिलौंडी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कछार गांव बड़ा में घोर लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो में अस्पताल के बेड में एक कुत्ता सोता दिखाई दे रहा है। वायरल वीडिया में देखा जा रहा है कि 27 जनवरी की दोपहर 3 बजे को एक गर्भवती महिला अपने परिजनों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कछार गांव बड़ा में पहुंची पूरे अस्पताल में कोई स्टाफ या कोई भी कर्मचारी नही था और बेड पर कुत्ता सोता मिला। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

### गैस गोदाम से 61 गैस सिलेंडर ले गये बदमाश

**बड़वारा।** थाना अंतर्गत ग्राम रोहनिया स्थित एक गैस सिलेंडर गोदाम को अज्ञात चोरों ने भरे और खाली सिलेंडर पार कर दिए हैं जिसकी कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार चोरी की यह वारदात 24 जनवरी की रात हुई। ग्राम रोहनिया स्थित इंडेन गैस सिलेंडर गोदाम के ताले तोड़कर या दीवार फांदकर घुसे अज्ञात आरोपियों ने बड़ी सफाई से वारदात को अंजाम दिया। शिकायतकर्ता रानी कुशवाहा 35 वर्ष ने पुलिस को बताया कि गोदाम से कुल 61 सिलेंडर गायब हैं, जिनमें 30 भरे हुए इंडेन गैस सिलेंडर और 31 खाली इंडेन सिलेंडर शामिल है जिनकी कुल अनुमानित कीमत 70,000 बताई गई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 331(4), 305(A) एवं पूर्ववर्ती धाराओं 457, 380 के तहत मामला पंजीकृत किया है।

### मुक्तिधाम के रास्ते से हटाया गया अवैध कब्जा

**कटनी।** तहसील स्लीमनाबाद के ग्राम सलैयाफाटक में शासकीय मुक्तिधाम के रास्ते में किए गए अवैध निर्माण और अवैध अतिक्रमण को कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर हटा दिया गया है। बहोरीबंद में बीते 20 जनवरी को आयोजित जन-सुनवाई में ग्राम पंचायत सलैया फाटक के सरपंच बसोरी लाल यादव ने कलेक्टर श्री तिवारी को अवगत कराया कि भागचन्द और उनकी पत्नी सुहद्रा बाई द्वारा मुक्तिधाम जाने वाले शासकीय मुरूम मार्ग पर घर बनाकर लोहे की जाली लगा दी गई है। इसके कारण शवयात्रा ले जाने में ग्रामीणों को काफी दिक्कतों और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में शवयात्रा रोकने और अभद्रता करने की शिकायतें भी थाने और तहसील तक पहुंची है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी के संज्ञान में श्मशान भूमि के रास्ते में अवैध अतिक्रमण का मामला आने के बाद उन्होंने तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। जिसके बाद नायब तहसीलदार बहोरीबंद आकाशदीप नामदेव के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुँची। अवैध अतिक्रमण को हटवाकर रास्ते को पूरी तरह साफ कर दिया गया है।

### सौम्या राँधेलिया को राष्ट्रीय प्रवक्ता का मिला दायित्व

**कटनी।** भारतीय युवा कांग्रेस में



यंग इंडिया के बोल प्रतियोगिता के माध्यम से चयन प्रक्रिया में चयनित राष्ट्रीय प्रवक्ता सौम्या राँधेलिया को राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु, राष्ट्रीय महासचिव निगम भंडारी एवं रोशनी जयसवाल द्वारा उनके कार्य के प्रति समर्पण को देखते हुए पुनः राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है।सोम्या की नितुक्ति पर कटनी जिले के समस्त कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

**स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया फाटक की घटना, हालत गंभीर**

## अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के समय महिला ने खाया जहर, मची अफरा तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक महिला ने जहर का सेवन कर लिया। तहसीलदार और ग्राम प्रधान की मौजूदगी में हुई इस घटना के बाद महिला को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया फाटक में बुधवार देर शाम हुई।

जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग की टीम ग्राम सलैया फाटक निवासी सुभद्रा बाई पति भागचंद चौधरी के खसरा नंबर 161/2 पर बने मकान को अवैध बताकर ढहाने



पहुंची थी जैसे ही बुलडोजर से कार्रवाई शुरू हुई, पीड़ित परिवार ने इसका विरोध किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार्रवाई से आहत होकर सुभद्रा बाई ने अधिकारियों के सामने ही सल्फास खा लिया। महिला के बेटे सचिन चौधरी ने प्रशासनिक टीम पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की एकतरफा कार्रवाई से उनकी मां बहुत आहत थीं। सचिन ने बताया कि, ₹बिना उचित समय दिए हमारे आशियाने पर बुलडोजर चला दिया गया। अधिकारियों की संवेदनहीनता के कारण मेरी मां ने जान देने की कोशिश की है। उनकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

जहरीले पदार्थ का सेवन करते ही सुभद्रा बाई की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने उन्हें तत्काल स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद भी स्थिति में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया है।

**3 महीने से दिया जा रहा समय**

इस मामले को लेकर स्लीमनाबाद तहसीलदार ने बताया कि यह कार्रवाई नियमानुसार की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि सुभद्रा बाई को पिछले तीन महीने से अतिक्रमण हटाने का समय दिया जा रहा था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। तहसीलदार ने बताया कि जिस जगह पर कार्रवाई की गई है ।

## माय भारत माय वोट के संदेश के साथ निकाली रैली




मेरा युवा भारत मुख्यालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर जागरूकता रैली का आयोजन केन्द्रों द्वारा किया गया। इसी क्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत, कटनी के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी श्रीमती कीर्तिका कुहर की अगुवाई में माता दुर्गा मंदिर, राय कॉलोनी से माधव नगर गेट तक ₹माई भारत-माई वोटर₹ के सन्देश के साथ मेरा युवा भारत से जुड़े युवक - युवतियों द्वारा बैनर एवं तख्ती के माध्यम से नारे लगाते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकली गई।कार्यक्रम की शुरुआत में महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्री मृदुल मिश्रा, **BYM** जिलाध्यक्ष कटनी एवं आर.के.सोनी, काउंसलर, श्रीमती सुभद्रा सोनी, काउंसलर श्रीमती साधना त्रिपाठी, ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रैली की शुरुआत की। मृदुल मिश्रा ने उपस्थित युवाओं को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई। पदयात्रा रैली में लगभग 200 युवाओं की सहभागिता रही। पदयात्रा के सफल आयोजन हेतु पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वारा बलात्संग के प्रकरण में आरोपी बेडीलाल कोल को धारा 65(2) भादवि एवं 5 (एम)/6 पॉक्सो एक्ट में दोष सिद्ध पाया जाकर आरोपी बेडीलाल कोल को धारा 65(2) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 5 (एम)/6 पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक/ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी आशुतोष द्विवेदी द्वारा की गई।मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि पीडिता लगभग 8 वर्ष की नानी ने महिला थाना कटनी में आकर रिपोर्ट लेख कराई कि उसकी नातिन पीडिता उसके साथ ही उसके गावं में रहती है कक्षा दूसरी से पढ़ती है। दिनांक 19/04/25 के सुबह 10 बजे वह पीडिता को पलंग में छोडकर पानी लेने पास में लगे सरकारी हेडपंप में चली गई थी जब पानी लेकर वापिस लौटी तो देखा तो पलंग हिल रहा था और पलंग के उपर पूरा कंबल ढका हुआ था। जब उसने कंबल हटाकर देखा तो आरोपी बेडीलाल कोल पीडिता के साथ गलत काम कर रहा था तब उसने धक्का दिया तब आरोपी वहा से भाग गया। इसके बाद नानी ने पीडिता को कपडे पहनाये और पीडिता से घटना के बारे में पूछा तब पीड़िता ने अपनी नानी को आरोपी के द्वारा गलत काम करने के बारे में बताया था। पीडिता की नाती ने अपने पति, दामाद और अपनी बेटी को बताया और पीडिता की मां के साथ महिला थाने पहुंची और घटना की रिपोर्ट लेख कराई थी। महिला थाना में धारा 65 (2) भारतीय न्याय सहिता एवं धारा 5 (एम)/6 पॉक्सो अधिनियम के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई।विवेचना उपरांत आरोपी बेडीलाल कोल द्वारा अपराध घटित करना पूर्णतः प्रमाणित पाये जाने से आरोपी के विरुद्ध अभियोग पत्र तैयार किया जाकर विशेष न्यायालय पाक्सो के न्यायायल में प्रेषिल किया गया। प्रकरण में विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष समस्त सारवान साक्षी, दस्तावेज एवं वैज्ञानिक साक्ष्य प्रस्तुत कर आरोपी के विरुद्ध आरोप प्रमाणित कराया गया। विशेष लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होते हुये माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी बेडीलाल कोल को धारा 65(2) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 5 (एम)/6 पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

### शासकीय कन्या महाविद्यालय में हुआ आयोजन

## छात्राओं को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं इको क्लब प्रभारी डॉ. रीना मिश्रा के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण हेतु एक प्रेरणादायी व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने छात्राओं को जैविक खाद, जैविक कीटनाशक, जीरो बजट फार्मिंग तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।श्री दुबे ने छात्राओं को घर पर ही जैविक खाद बनाने की पूरी प्रक्रिया समझाई। उन्होंने घरेलू कचरे, पशुओं के गोबर-मूत्र तथा पौधों की पत्तियों से जैविक खाद और प्राकृतिक कीटनाशक तैयार करने की सरल, कम लागत वाली विधियों को विस्तार से बताया। छात्राओं को अपने घरों में इस कार्य को अपनाने तथा रासायनिक उर्वरकों-कीटनाशकों के स्थान पर जैविक विकल्पों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

महाविद्यालय की अधिकांश छात्राएं ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं, जहां कृषि मुख्य व्यवसाय है। अतः वे अपने परिवारों में जैविक खेती अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में प्रत्यक्ष योगदान दे सकती हैं। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी का सामूहिक दायित्व है। युवा पीढ़ी जब इस दिशा में सक्रिय होगी, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित होगा। उन्होंने सभी छात्राओं को इस कार्य में भागीदारी के लिए उत्साहित किया।कार्यक्रम के समापन पर डॉ. रीना मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। सफल आयोजन में वनस्पति शास्त्र विभाग के डॉ. आशुतोष नारायण द्विवेदी, श्रीमती आरती वर्मा, श्रीमती सुषमा वर्मा एवं श्रीमती मीनाक्षी वर्मा का विशेष योगदान रहा। यह व्याख्यान छात्राओं में पर्यावरण जागरूकता एवं व्यावहारिक जैविक कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।
























## खबर संक्षेप

### शिक्षक कांग्रेस की प्रांतीय बैठक 1 फरवरी को भोपाल में

**स्लीमनाबाद।** प्रदेश के लाखों शिक्षकों ,अतिथि शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करने वाले शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस की प्रांतीय बैठक 1 फरवरी 2026 रविवार को भोपाल में संगठन के संरक्षक पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा की उपस्थिति में आयोजित होगी । संगठन की प्रांतीय प्रमुख महामंत्री किशन रजक ने बताया कि उक्त बैठक में राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षकों (गुरुजी संवर्ग सहित) की प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना करते हुए अनिवार्यतः पुरानी पेंशन बहाल करने तथा अनुभव एवं योग्यता के आधार पर अतिथि शिक्षकों को शिक्षक बनाए जाने हेतु संगठन की ओर से प्रगाढ़ संघर्ष की जाने का संकल्प पारित किया जाएगा । उक्त बैठक में संगठन प्रभारी रामनरेश त्रिपाठी, प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी सहित संगठन के समस्त कार्य कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष,प्रांतीय महामंत्री, उपाध्यक्ष ,सचिव, संभागीय अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष के साथ प्रांतीय एवं जिला प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### केपी गोस्वामी सम्मानित

**बड़वारा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत तहसील कार्यालय बड़वारा निर्वाचन शाखा में पदस्थ केपी गोस्वामी निर्वाचन लिपि को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2026 के उपलक्ष में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया आपको बता दें कि निर्वाचन कार्य में उनकी उत्कृष्ट सेवा कई वर्षों से लगातार जिले के मुखिया द्वारा सम्मानित किया जाता है। केपी गोस्वामी को सम्मानित किये जाने पर शुभचिन्तकों ने बधाई दी है।

### जिले को मिलेगी 1070 मीट्रिक टन यूरिया

**कटनी।** जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निरंतर प्रयासों से रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक रैक आज 29 जनवरी को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ जायेगी। इससे कटनी जिले को 1070 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिलेगी। जिला विपणन अधिकारी आनन्द नारायण पांडे ने बताया कि गुरूवार को आने वाली रैक से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 200 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 185 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 185 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 200 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया में आवंटित की जायेगी। इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी।

---

कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों के बीच पहुंचकर सुनी जा रहीं समस्यायें, करा रहे निराकरण

# हीला हवाली पड़ गई महंगी, तहसीलदार को नोटिस, लिपिक की रोकी वेतन वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विकासखंड रीठी में आयोजित जनसुनवाई कई ग्रामीणों के लिए वरदान बन गई। यहां पहुंचे ग्रामीणों की समस्याओं का संवेदनशील कलेक्टर आशीष तिवारी की मौजूदगी और निर्देश की वजह से त्वरित निराकरण हुआ। जनसुनवाई में यहां 111 ग्रामीण पहुंचे, कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी की समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

### पटवारी को नोटिस करें जारी

कलेक्टर श्री तिवारी को रीठी निवासी जय कुमार जैन ने आवेदन देकर बताया कि आवेदन करने के बाद भी उनकी ग्राम खाम्ह स्थित भूमि का सीमांकन नहीं किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार रीठी को निर्देशित किया कि बुधवार को सीमांकन कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार ग्राम खरखरी नंबर 2 निवासी श्री सियाराम यादव की भूमि का सीमांकन नहीं करने पर पटवारी अनूप दास को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम मझगवा निवासी संतराम राजभर ने कलेक्टर श्री तिवारी को अवगत कराया कि उनके द्वारा खरीदी गई ग्राम हथकुरी स्थित खसरा नंबर 511 रकवा 0.1 हेक्टेयर की भूमि का नामांतरण दर्ज नहीं हुआ है। जिस पर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार बिलहरी को 28 जनवरी की शाम तक हर हाल में खसरा में नामांतरण दर्ज कराने के सख्त निर्देश दिए।

ग्राम बिलहरी निवासी सुनील साहू ने नामांतरण नहीं करने की बात कलेक्टर श्री तिवारी को बताईं, जिस पर कलेक्टर ने नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए पटवारी सचिन श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिस जारी करने और नायब तहसीलदार से स्पष्टीकरण तलब करने की हिदायत दी।

### कई दिनों से परेशान था ग्रामीण

रीठी में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम करहिया नंबर एक निवासी हीरालाल चौधरी 6 जमीनों की अलग-अलग खसरा नंबरों की नकल के लिए कई दिनों से परेशान थे। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने जनसुनवाई में ही हीरालाल को नकल की प्रति दिलवाई। कलेक्टर ने नकल देने में हीलाहवाली करने वाले रीठी तहसील के लिपिक अर्जुन भूमिया सहायक ग्रेड-3 रीडर की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का जनसुनवाई में ही आदेश जारी कर दिया और तहसीलदार रीठी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### तत्काल मानदेय दिलाने निर्देश

जनसुनवाई में पहुंचे ग्राम मुहास निवासी अरविंद कुमार नहर और संदीप ने कलेक्टर श्री तिवारी को अवगत कराया कि वे संकट मोचन धाम हनुमान मंदिर मुहास में सफाई कर्मी के रूप में कार्य कर रहे थे। उन्हें मार्च 2025 से दिसंबर 2025 तक का मानदेय नहीं मिला। जिस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को मानदेय भुगतान की राशि प्रदान करने निर्देशित किया।

---



# ऐतिहासिक किले के पीछे 8 एकड़ में बनेगा पार्क, किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

नगर परिषद विजयराघवगढ़ में ऐतिहासिक किले के पीछे 8 एकड़ शासकीय भूमि पर नगर परिषद की अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे की विशेष पहल पर नगर के लिए सुंदर पार्क बनने की सौगात मिल चुकी है जिसका भूमि पूजन वैदिक मंत्रोपचार के साथ क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक एवं नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे के कर कमलो से संपन्न हुआ।

विधायक संजय पाठक ने कहा कि 8 एकड़ की भूमि को कैप्चर करने के लिए अभी फिलहाल बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जा रहा है जिसका भूमि पूजन संपन्न हो चुका है। अगले चरण में जमीन को लेवल करते हुए इस स्थल पर बहुत ही सुंदर फलदार वृक्ष एवं फूल पौधे लगाए जाएंगे तथा बच्चों के लिए झूले एवं विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन उपलब्ध कर 1 वर्ष में यह पार्क पूरी तरह से तैयार होकर नगर के लिए सौंप दिया जाएगा जिससे नगर के लोगों को सुबह शाम टहलने एवं बैठने के लिए उपयुक्त स्थल होगा क्योंकि जगह की कमी के कारण अभी तक नगर में ऐसा कोई भी पार्क विकसित नहीं किया गया है जिससे नगर के लोगों एवं बच्चों को को शहर जैसी सुविधा उपलब्ध हो सके लेकिन अब विजयराघवगढ़ भी पार्क से अछूता नहीं रहेगा नगर के लोगों को यह सुविधा शीघ्र ही प्राप्त होगी।

इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष परते, तहसीलदार मनीष शुक्ला, नायब तहसीलदार विनोद श्रीवास्तव, थाना प्रभारी रितेश शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री मनीष देव मिश्रा, नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष वसुधा मिश्रा, उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन अरविंद बड़गैया आदि मौजूद रहे।

---

*उपायुक्त ने बैंक प्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक*

# आवास योजना एवं पीएम स्वनिधि के लंबित ऋण प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम कटनी के माध्यम से संचालित शासन की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ दिलाने के उद्देश्य से बुधवार को नगर निगम उपायुक्त श्री शैलेश गुप्ता ने नगर के विभिन्न बैंक प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक शीघ्र एवं पारदर्शी रूप से पहुँचना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित ईडब्ल्यूएस आवास एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स के ऋण स्वीकृति प्रकरणों में समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऋण स्वीकृति में देरी से योजनाओं के मूल उद्देश्य प्रभावित होते हैं, अतः सभी बैंक आपसी समन्वय के साथ प्रकरणों में शीघ्रता लाएं, जिससे हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी श्री अनिल जायसवाल ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना के अंतर्गत हितग्राही को पंजीयन हेतु 20 हजार रुपये तथा पात्रता निर्धारण उपरांत 1 लाख 80 हजार रुपये की राशि डीडी अथवा नकद के माध्यम से जमा करनी होती है। इसके पश्चात नगर निगम, बैंक एवं हितग्राही के मध्य त्रिपक्षीय अनुबंध किया जाता है। योजना में केंद्र एवं राज्य शासन का अंशदान भी सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा ईडब्ल्यूएस आवासों का निर्माण पूर्णता की ओर है, जिनका शीघ्र ही वितरण किया जाएगा। बैठक के दौरान बैंक प्रतिनिधियों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता का विषय उठाए जाने पर उपायुक्त श्री गुप्ता ने निगम अधिकारियों को हितग्राहियों के दस्तावेज, स्थल लेआउट की प्रति, त्रिपक्षीय अनुबंध का प्रारूप एवं पृथक-पृथक विवरण शीघ्र बैंकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही हितग्राहियों के होल्ड खातों से संबंधित मामलों में समन्वय स्थापित कर जमा राशि की वापसी हेतु आवश्यक पत्राचार करने के भी निर्देश दिए गए।

---

## सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र छात्राएं सम्मानित



गणतंत्र दिवस पर्व पर सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम वार्षिक उत्सव किया गया। मुख्य अतिथि विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, अध्यक्ष राजेंद्र कोल, उपाध्यक्ष अनुराग गुप्ता ,संयोजक अंशुल सोनी, भूतपूर्व सैनिक संतोष कुमार दुबे ,संतोष कुमार सोनी ,जिला सह समन्वयक दिलीप कुमार चतुर्वेदी, अज्जू सोनी, अशोक कुमार सोनी, सह कोषाध्यक्ष ओंकार सिंह, सदस्य मनोज गुप्ता ,मथुरा सिंह चौहान, नारेंद्र कुशवाह, सहसंयोजक गोविंद शर्मा ,महेंद्र कचेर सरस्वती शिशु मंदिर बड़वारा के प्रधानाचार्य राजेश कुमार दुबे ,रामलाल नामदेव ,राकेश निगम, संदीप बर्मन, मनीषा दुबे, संध्या सोनी ,सोनाली सोनी, प्रिया निगम, डाली सेंगर,शीलू कोरी,सम्मिलित हुए। 22 मेधावी भैया बहन को शील्ड एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा अष्टम आकृति सिंह 89%, अंशिका महोबिया 87 .66 %,श्रद्धा कुशवाहा 87 .16 %,लक्ष्मी प्रजापति 87 .16% ,ओम रजक 86 .5 %,श्रेया सिंह 83 .33 %,नियति केवट 82 .66% ,मोना केवट 82 .16%, प्रियांशी कुशवाहा 81 .66%, सोना केवट 81 .16% ,श्रेया सिंह चौहान 80 .66 %,पूनम सोनी 79 .3%, अमृता यादव 78 .83 %,शिवांशु विश्वकर्मा 73 8 .66 %पुष्पराज चौधरी 75 .5%, कक्षा पंचम- अनिकेत पटेल 86 % रिया केवट 83%, अमन चौधरी 79 .5%, रौनक सिंह 77 .75 %,अंशुल सिंह 77 .5%, श्याम जी कुशवाह 77 .5 %,राजवीर सिंह 75 .5% ।

---

# सड़क सुरक्षा-जीवन सुरक्षा पर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बँधी स्टेशन में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। गणतंत्र दिवस के आयोजित कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा-जीवन सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शासकीय उमावि बँधी स्टेशन में गणतंत्र दिवस समारोह के शुभ अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं पुरस्कार संयोजक शत्रुघ्न हल्दकार व जयमाला पटेल द्वारा प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सड़क पर चलते समय यातायात के नियमों की जानकारी दी गयी व पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।जागरूकता कार्यक्रम मैविद्यार्थी श्रेया मिश्रा, शिवानी चक्रवर्ती,अनुराग चौधरी, भावना हल्दकार व स्नेहा पटेल टाप फाइव में शामिल रहे। वहीं सांत्वना पुरस्कार विद्यार्थी मोहनी चक्रवर्ती, दुर्गा यादव, शालिनी नामदेव, शिवांगी पाण्डेय, दीपांशु हल्दकार, आकृति काछी, आशी काछी, दीपांशु हल्दकार, दीक्षा काछी, मानसी यादव को मिला।

इस दौरान प्राचार्य सरदार सिंह परते, अमरदीप साहू,कामता प्रसाद हल्दकार,जगदेव पटेल,अनोद हल्दकार, विजय साहू,अनिल प्यासी, शिक्षक गण अम्रता दुबे, मनोरमा चौहान,प्रीति परसते,नवी द्विवेदी, कंचन मेहरा,ज्योति दहिया, प्रिया पाण्डेय,प्रतिभा गौतम,उपासना सिंह राजपूत,निर्मला कुर्मी,नरेन्द्र दुबे (प्रभारी प्राचार्य),अमित हल्दकार, गंगा राम राजपाल, सलमान अहमद,राजकमल गौटिया,रत्नेश जैन, राजीव हल्दकार,संगम हल्दकार, योगेश दुबे,लक्ष्मी दशरिये, कपिल हल्दकार व ग्रामीण मौजूद थे

---

*ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान के तहत ग्राम उत्सव का हुआ आयोजन*

# सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं एवं सामाजिक मूल्यों को सहजने एवं जीवंत बनाये रखने आव्हान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के अंतर्गत 27 जनवरी को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केसवाल के निर्देशन में एवं ब्लॉक समन्वयक बालमुकुंद मिश्रा के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा अंतर्गत ग्राम पिलौजी में ग्राम उत्सव का आयोजन किया गया।

प्रथम चरण में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, परामर्शदाता रामानुज पांडे ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अभियान के उद्देश्यों एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह अभियान प्रदेशभर में संचालित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य शासन की जनहितैषी योजनाओं, लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों एवं विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है।

उन्होंने ग्रामवासियों से अपनी सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को सहेजने एवं उन्हें जीवंत बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही ग्राम को शत-प्रतिशत स्वच्छ, नशामुक्त, विवादमुक्त बनाने, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से समृद्ध होगा, तभी ग्राम और समाज भी समृद्ध बन सकेगा।

कार्यक्रम के तृतीय चरण में ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से कुर्सी दौड़ एवं 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं ग्राम के युवा वर्ग ने पूरे उत्साह, उमंग एवं खेल भावना के साथ सहभागिता कर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। स्वदेशी जागरूकता को लेकर शपथ ग्रहण भी कराई गई सामाजिक, शैक्षणिक एवं विकासात्मक कार्यों में योगदान देने वाले ग्रामवासियों को नवांकुर संस्था सेक्टर क्रमांक तीन कन्हवारा बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

---

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन 7 फरवरी से

# 2585 रूपए प्रति क्विंटल गेहूं उपार्जन का समर्थन मूल्य घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 7 फरवरी से 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। किसानों से आग्रह किया गया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है।

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है।

पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। इन केन्द्रों पर पंजीयन के लिये शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में कलेक्टर निर्देश जारी करेंगे। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान-पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।

सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पूर्व वर्षों की किसी अपात्र संस्था में केन्द्र प्रभारी एवं ऑपरेटर को किसी अन्य संस्था में पंजीयन के लिए नहीं रखा जायेगा।

किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक का नाम खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। अक्रियाशील बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें।

किसान भाई जिला और तहसील स्तर पर स्थापित आधार पंजीयन केन्द्रों में भी जाकर आसानी से अपना मोबाईल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट करा सकेंगे। इस कार्य के लिए पोस्ट ऑफिस में संचालित आधार सुविधा केन्द्र का भी उपयोग किया जा सकता है। आधार नंबर से बैंक खाता लिंक कराने के लिए बैंकों के साथ भी समन्वय आवश्यक होगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते के सत्यापन हेतु पंजीयन के दौरान ही 1 रूपये का ट्रांजेक्शन मध्यप्रदेश राज्य आपूर्ति निगम द्वारा ई-उपार्जन,जेआईटी पोर्टल के माध्यम से कराया जाएगा। पंजीयन कराने और फसल बेचने के लिए आधार नंबर का वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा।

---



## उत्कृष्ट कार्य के लिए बड़वारा जेई स्वामी प्रसाद यादव सम्मानित

**बड़वारा।** गणतंत्र दिवस पर पुलिस ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी के द्वारा बड़वारा विद्युत मंडल में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता स्वामी प्रसाद यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उलेखनीय है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निराकरण करने, बिगड़े हुए विद्युत ट्रांसफार्मरों को अति शीघ्र बदलवाने , विद्युत लाइनों में खराबी आने पर तत्परता पूर्वक सुधार कार्य करवाने, बिगड़े व जले हुए विद्युत मीटरों को अमले के द्वारा बदलवाने, उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेकर समय सीमा में निराकरण करबाने में बड़वारा विद्युत मंडल कार्यालय में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता स्वामी प्रसाद यादव ने अग्रणी भूमिका निभाई है जिस पर उन्हें कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया है। बड़वारा विद्युत मंडल में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता स्वामी प्रसाद यादव को सम्मानित किए जाने पर कर्मचारियों एवम शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

---



## शहीद परमानंद पटेल चौक में ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

गणतंत्र दिवस पर बड़वारा नगर में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। थाना के समीप शहीद परमानन्द पटेल चौक है उन्होंने कारगिल युद्ध मे अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर राष्ट्रीय ध्वज बड़वारा निवासी संतोष दुबे द्वारा फहराया गया। संतोष दुबे ने ध्वजा रोहण करते हुए शहीद परमानंद पटेल की शहादत को नमन किया। शहीद परमानन्द पटेल चौक पर ध्वजारोहण कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था दिनेश गुप्ता(बल्लू गुप्ता) के द्वारा की गई। इस दौरान बड़वारा थाना प्रभारी के के पटेल पुलिस दल बल के साथ मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। गणमान्य जनों में भाजपा मंडल अध्यक्ष एवम बड़वारा के उपसरपंच अनुराग गुप्ता, अज्जू सोनी, संतोष दुबे, राजनारायण उर्फटेमल निगम, महेंद्र कचेर, 112 पुलिस बेन के चालक बबलू सिंह, स्वच्छता ग्राही राजेश चौधरी उर्फ लंगर मौजूद रहे। ध्वजारोहण के पश्चात सभी को मीठा व प्रसाद वितरित किया गया।

## खास बातें

### दो चोर गिरफ्तार 4 लाख के सोने-चांदी के आभूषण बरामद

**छतरपुर।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने एसबीएन कॉलेज के पीछे स्थित चौबे कॉलोनी में हुई चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो अंतराज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से लगभग 4 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार अप्रैल 2025 में फरियादी महेंद्र अरजरिया के मकान से चोरी की घटना हुई थी, जिस पर भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल पर भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए। क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की मूवमेंट की जानकारी जुटाई गई, जिसके आधार पर दो आरोपियों को धर दबोचा गया।

### नौगांव में अचानक बड़ी ठंड, एक रात में 6 डिग्री की गिरावट

**नौगांव।** मंगलवार की रात नौगांव क्षेत्र में हुई हल्की फुल्की बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह पलट दिया जिन लोगों ने यह समझ लिया था कि अब जनवरी में ही ठंड जाने लगी है। लेकिन उनका यह अनुमान गलत साबित हो गया। दरअसल बुधवार को ठंड ने वापिसी की है। जहां सोमवार को नौगांव शहर का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के करीब बताया गया था वहीं महज एक रात में पारा गिरकर 4.2 डिग्री पर आ गया मतलब रातों रात करीब 6 डिग्री की गिरावट के साथ लोग स्वेटर, जैकेट, शाल, मफलर ओढ़े देखे गए। अचानक बदले गए इस मौसम से जहां लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं मौसम विभाग की माने तो सुबह शाम ठंडी हवाओं के साथ गलन बढ़ जाएगी। और एक बार फिर लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों के साथ अलाव की ओर लौटना पड़ेगा।

### करौंदी में भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

# कंस वध और श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की लीलाओं ने बांधा समां





हरिभूमि न्यूज ▸▸ तेजगढ

तेजगढ़ से लगभग एक किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत करौंदी (पड़रिया चौराहा रोड) स्थित डॉक्टर महेंद्र सिंह के निवास पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच निरंतर चल रही है। कथा वाचन प्रख्यात कथा वाचक पंडित रवि कृष्ण शास्त्री जी द्वारा किया जा रहा है, जिनके ओजस्वी वाणी और भावपूर्ण कथन से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। कथा के दौरान पंडित रवि कृष्ण शास्त्री जी ने कंस के अत्याचारों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मथुरा नरेश कंस ने सत्ता के अहंकार में आकर वसुदेव-देवकी को कारागार में बंद कर दिया और जनता पर निरंतर अत्याचार किए।

जब अधर्म अपनी पराकाष्ठा पर पहुंचा, तब भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया। श्रीकृष्ण ने बाल्यावस्था में ही पूतना वध, कालिया नाग दमन जैसी लीलाओं के माध्यम से अधर्म के विनाश का संदेश दिया। कथा में आगे कंस वध प्रसंग का अत्यंत भावनात्मक और वीरतापूर्ण वर्णन किया गया। पंडित शास्त्री जी ने बताया कि अखाड़े में कंस का अंत केवल एक राजा का अंत नहीं था, बल्कि वह अहंकार, अन्याय और अत्याचार के विनाश का प्रतीक था। कंस वध के पश्चात मथुरा में धर्म की पुनः स्थापना हुई।

इसके साथ ही कथा में श्रीकृष्ण और जरासंध के युद्ध का भी जीवंत वर्णन किया गया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की रणनीति, धैर्य और धर्म की रक्षा के लिए किए गए प्रयासों को विस्तार से बताया गया। श्रद्धालुओं ने इन प्रसंगों को सुनकर धर्म और कर्म के महत्व को समझा। कथा के अंतर्गत श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग को धूमधाम, भजन-कीर्तन और हर्षोल्लास के साथ प्रस्तुत किया गया। रुक्मणी विवाह के माध्यम से कथा वाचक ने यह संदेश दिया कि सच्चा प्रेम और भक्ति सदैव अधर्म पर विजय प्राप्त करती है। विवाह प्रसंग के दौरान पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया। इस पावन कथा को सुनने के लिए ग्राम करौंदी सहित आसपास के अनेक गांवों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।

कथा के मुख्य यजमान डॉक्टर महेंद्र सिंह एवं श्रीमती मालती बाई द्वारा सातों दिन विधि-विधानपूर्वक कथा श्रवण किया गया और भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कथा समापन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र का वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण बना रहा।

## कवि सम्मेलन सहित विविध प्रतियोगिताओं ने बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

बुंदेली गौरव न्यास द्वारा संचालित बुंदेली दमोह महोत्सव के तेरहवें दिन सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेल गतिविधियों से मेला प्रांगण गुलजार रहा। इस अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन में बुद्धि प्रकाश दधीच, अमन अक्षर, मुन्ना बैटरी एवं शशि श्रेया ने अपने-अपने अनूठे अंदाज़ में हास्य, वीर रस एवं समसामयिक विषयों पर रचनाएं प्रस्तुत कीं। वहीं देश के चर्चित कवि सुमित ओरछा ने पूरे कवि सम्मेलन का प्रभावशाली संचालन किया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। महोत्सव के अंतर्गत दोपहर के समय सांप-सीढ़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेला समिति की ओर से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्वाति गौर के निर्देशन में 'स्वर श्री प्रतियोगिता' का आयोजन हुआ, जिसमें चयनित प्रतिभागियों ने मधुर गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

बुंदेली गौरव न्यास द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जिले के प्रतिभावान नागरिकों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर कॉमेडियन विश्वनाथ पटेल, बागेश्वर धाम गौशाला संचालक आलोक असाटी, ताइक्वांडो गोल्ड मेडलिस्ट जया रायकवार, गुंजन जैन, ऋतिक परोचे एवं अदरिका दुबे को सम्मानित किया गया। दोपहर के समय मेले में आयोजित बुंदेली खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत लंगड़ी, स्पेशल कुर्सी दौड़, चिरंगा एवं कांच बैलेंस दौड़ का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में ओजस्विनी विद्यालय, नवजागृति विद्यालय, शिव शिशु विद्यालय एवं रानी दुर्गावती विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रभात सेठ, मोहित संगतानी, अक्षत गोस्वामी, राजू नामदेव एवं अतुल तिवारी की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किए गए। मेला समिति के पदाधिकारियों ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बुंदेली दमोह महोत्सव में शामिल होकर इस सांस्कृतिक उत्सव का आनंद लें।

## अनुभूति कार्यक्रम में जंगल की सैर कराई



**सिग्रामपुर।** वन एवं इको पर्यटन विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में समान वन परिक्षेत्र संग्रामपुर मैं अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां संग्रामपुर रानी दुर्गावती हायर सेकेंडरी शालाओं की छात्राओं ने जंगल का भ्रमण किया छात्र एवं छात्राओं को वन परिक्षेत्र अधिकारी मनीष पटेल ने जंगल से संबंधित सारी जानकारियां दी। वन समिति प्रांतीय अध्यक्ष मुन्नालाल सोनी ने छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि जंगल से हमें क्या फायदा है साथ ही हम जंगल को कैसे बचाएं अनुभूति का मुख्य उद्देश्य जंगल से लगे हुए ग्रामों के छात्राओं को अवगत कराना है। सबसे ज्यादा भागीदारी ग्रामीण लोगों की ही होती है जो बन कर्मचारियों के साथ मिलकर जंगल को बचा सकते हैं। साथी हम उनका सहयोग कर सकते हैं भ्रमण के दौरान छात्राओं से प्रश्न और उत्तर के माध्यम से प्रतियोगिताएं भी रखी गई जो प्रथम ज्योति तृतीया को शील्ड एवं 7 चुनाव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में चोरी सरपंच सेवाराम यादव बी एल रोहित वन विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## दुर्घटनाओं से बचाव के लिए लक्ष्य फाउंडेशन का जागरूकता अभियान

**बटियागढ़।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय पीएम श्री हाई स्कूल मंगोला के साथ मगरोन एवं फुटेरा के निजी स्कूलों में लक्ष्य शिक्षा एंड राहत कोष फाउंडेशन द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करना एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में अधिकांश मौतें हेलमेट न पहनने के कारण होती हैं। यात्रा के दौरान की जाने वाली छोटी-छोटी लापरवाहियां गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन जाती हैं। इसलिए हेलमेट पहनना केवल नियम नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर लक्ष्य फाउंडेशन के प्रांत प्रचारक एवं महामंत्री मध्यप्रदेश रूपेन्द्र सिंह लोधी ने उपस्थित सभी लोगों को हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित वाहन चलाने की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान सभी ने अपने प्रियजनों की कसम खाते हुए यह संकल्प लिया कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन नहीं चलाएंगे और न ही किसी को चलाने देंगे। यात्रा के दौरान संपूर्ण यातायात नियमों का पालन करेंगे स्वयं की सुरक्षा के साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखेंगे। कार्यक्रम में पीएम श्री हाईस्कूल मंगोला के प्राचार्य शैलेंद्र सिंह राजपूत, डॉ. द्वारका अठया, वाहिद खान, राजेंद्र सिंह, प्रीतम पटेल, विनोद दुबे सहित विद्यालय स्टाफ और ग्रामवासियों की सराहनीय उपस्थिति रही।

## सिंग्रामपुर, पोड़ी में गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया

### सरपंच मनोज राय स्कूल स्टाप प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं समेत 100 पुस्कार वितरित किये



**सिंग्रामपुर।** ग्राम पोंडी सिंग्रामपुर मैं 26 जनवरी को 77 वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया शासकीय भवनो पर ध्वजारोहण किया गया कार्यक्रम में शासकीय रानी दुर्गावती उच्चतर माध्यमिक शाला प्रांगण में प्राचार्य केशव प्रसाद मेहरा पुलिस चौकी प्रांगण में गणेश दुबे, बालक छात्रावास,बालिका छात्राबास, कन्या शाला स्कूल मे, सोसाइटी प्रांगण में वीरेंद्र शुक्ला, ग्राम पंचायत प्रांगण में सरपंच गुडिया सोनकर, वनविभाग प्रांगण में मनीष पटेल , सेंचुरी रेंजर एजाज कुरैशी आदर्श स्कूल में योगेंद्र शुक्ला, क्योंस्क बैंक प्रांगण में मन्जू पटेल मध्यांचल बैंक महेंद्र टेकराम ज्ञानस्थली स्कूल में देवी सिंह यादव, शांतिनिकेतन स्कूल में आशीष साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। एकीकृत हाई स्कूल पोंडी मानगढ़ के प्राचार्य के एल शर्मा ने बताया शिक्षा के समक्ष सरपंच मनोज राय का बहुत ही बड़ा योगदान है। उन्होंने स्कूल भवन के कार्यकल्प महत्वपूर्ण भूमिका की है शिक्षा एवं बच्चों की प्रति उनका योगदान साहनी है इसी क्रम में आज स्कूल के स्टाफ एवं ग्राम से पढ़कर निकले छात्रों को 100 पुरस्कार वितरित किए गए।

## भागवत कथा के समापन पर गूंजा भक्ति और श्रद्धा का स्वर

**सिंग्रामपुर।** ग्राम सिंग्रामपुर में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा पुराण का आज अंतिम दिन अत्यंत भावपूर्ण एवं श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ। कथा के समापन अवसर पर कथा वाचक पंडित नितिन देव जी महाराज ने सुदामा चरित्र की मार्मिक कथा का विस्तार से वर्णन किया, जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पंडित नितिन देव जी महाराज ने बताया कि सुदामा चरित्र सच्ची मित्रता, निष्काम भक्ति, विनम्रता और भगवान की करुणा का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सुदामा जी अत्यंत निर्धन थे, किंतु उनके हृदय में भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपार प्रेम और श्रद्धा थी। निर्धनता के कारण वे वर्षों तक श्रीकृष्ण से मिलने नहीं गए, लेकिन पत्नी के आग्रह पर वे अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुँचे। भेंट स्वरूप उनके पास केवल थोड़े से चावल थे, जिन्हें वे संकोचवश छिपाकर ले गए। कथा के दौरान महाराज श्री ने भावपूर्ण प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जैसे ही श्रीकृष्ण ने सुदामा जी को देखा, वे सिंहासन से उतरकर उन्हें गले लगा लेते हैं, उनके चरण धोते हैं और अत्यंत प्रेमपूर्वक उनका सत्कार करते हैं। यह दृश्य दर्शाता है कि भगवान अपने भक्त की हैसियत या संपत्ति नहीं, बल्कि उसके भाव को देखते हैं। श्रीकृष्ण द्वारा सुदामा के लाए चावल प्रेमपूर्वक खाने का प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं की आँखें नम हो गईं। पंडित नितिन देव जी महाराज ने कहा कि सुदामा ने भगवान से



कभी धन या वैभव की कामना नहीं की। उनकी निष्काम भक्ति से प्रसन्न होकर श्रीकृष्ण ने बिना मांगे ही सुदामा का जीवन बदल दिया। जब सुदामा जी द्वारका से लौटे, तो उनकी कुटिया भव्य महल में परिवर्तित हो चुकी थी। महाराज श्री ने समझाया कि यह प्रसंग सिखाता है कि जो भक्त बिना स्वार्थ के ईश्वर का स्मरण करता है, उसकी सभी आवश्यकताओं का ध्यान भगवान स्वयं रखते हैं। कथा के समापन पर महाराज श्री ने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि हमें सुदामा जैसे सरल, विनम्र और सच्चे भक्त बनने का प्रयास करना चाहिए। जीवन में अहंकार, लोभ और स्वार्थ को त्यागकर यदि हम सच्चे मन से भगवान का स्मरण करें, तो जीवन स्वयं सुंदर और सार्थक हो जाता है। अंतिम दिन कथा के उपरांत पूर्णाहुति, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही और ग्राम में भक्ति एवं श्रद्धा का वातावरण बना रहा। सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन भक्तों के लिए अविस्मरणीय अनुभूति बन गया।

## गणतंत्र दिवस पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हटा

नगर व क्षेत्र में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को पूरे हर्षोल्लास, उमंग और राष्ट्रीय गरिमा के साथ मनाया गया। तहसील मुख्यालय स्थित पीएमश्री एमएलबी विद्यालय ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया ओर परेड की सलामी ली इसके पश्चात माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। इसके उपरांत एमएलबी स्कूल की छात्राओं द्वारा मध्यप्रदेश गान किया गया। तथा विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं पर आधारित झांकियां निकाली गई। इसके पश्चात उपस्थित मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत नगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जोरदार प्रस्तुतियां दी गई जहां राष्ट्र भक्ति गीतों से ओत प्रोत रंगारंग प्रस्तुतियां देखकर उपस्थित लोगों द्वारा काफी सराहना की गई प्रस्तुति देने वाले बच्चों को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रोत्साहन राशि एवं उपहार प्रदान किए गए। संस्कृतिक कार्यक्रमों के उपरांत अतिथियों द्वारा शासकीय कार्यालयों एवं नगर में समाज सेवा के कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक उमादेवी खटीक नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक, एसडीएम राकेश मरकाम, एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, तहसीलदार आलोक जैन, सीईओ संजीव गोस्वामी, बीईओ बीएल बिदौलया, बीआरसी एमएल अहिरवार, सीएमओ राजेंद्र खरे, एमएलबी प्राचार्य बीपी ठाकुर सहित सभी विभागों के अधिकारियों एवं विद्यालयों के प्राचार्य व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की रही। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक माधव पटेल द्वारा किया गया।

## पडरिया में भव्य रूप से मनाया गणतंत्र दिवस



**तेजगढ़।** तेजगढ़ के समीपी ग्राम करौंदी पडरिया में भव्य गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ मनाई गई प्रातः प्राथमिक माध्यमिक शाला की संयुक्त रूप से प्रभाव फेरी गाजे बाजे ढोल नगाड़ों के साथ जयकारो के साथ निकाली गई घोड़ा पर सवार भारत माता आकर्षण का केंद्र रही। नारों के साथ रैली भ्रमण करते हुए माध्यमिक शाला पडरिया में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया माध्यमिक शाला की छात्राओं ने हंस वाहिनी ज्ञान ज्ञायनी समधुर स्वर वंदना के साथ नृत्य की प्रस्तुति की गई छोटे मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर वह वाही लूटी प्राथमिक शाला के बच्चों ने सस्वर डांसों की नृत्य मय प्रस्तुति कर सभी जन समुदाय की ताली बटोरी ग्राम में पहली बार इतने बड़े भव्य तरीके से रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ पूरे कार्यक्रम की कमान शिक्षक महेंद्र दीक्षित ने संभाली संचालन प्रशांत निगम राजेश शर्मा ने किया सभी बच्चों ने पारितोषिक नगद इनामी पेन आदि दिए गए प्राथमिक शाला से सुमन लता, मैडम सोनाली दुबे, घासीराम कोष्टी, सरिता दहिया मैडम की सहभागिता रही ग्राम के सभी गणमान्य व्यक्ति नागरिक पालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रध्वज को किया सलाम

### 77 वें गणतंत्र दिवस पर जगह जगह लहराया तिरंगा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रनेह






भारत का राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस का उत्साह जन बच्चो, में सिर चढ़कर बोला,,राष्ट्रभक्ति व तिरँगे के रंगों में रंगा परिवेश भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती पर चार चांद लगा रहा है। क्षेत्र में भी गणतंत्र दिवंस की धूम मची। गणतंत्र दिवस के मौके पर जगह जगह ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। समस्त शासकीय संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं, प्राइवेट स्कूलों, में ध्वजारोहण किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों की रही धूम। परंपरा अनुसार शैक्षणिक संस्थाओं के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राएं शाला में ध्वजारोहण पश्चात कतारबद्ध लाइन बनाकर ग्राम के मुख्य मार्गों को देशभक्ति के गगनभेदी नारों से गुंजायमान करते हुए ग्राम पंचायत भवन पहुंचे। जहां आजादी के पर्व का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रनेह मनीष तंतवाय, अध्यक्षता सरपंच कन्हैयालाल आदिवासी, राममिलन तिवारी, डॉक्टर रामनारायण कुसमया, श्याम नायक, पं रामकिशुन तिवारी, राममनोहर तिवारी, विश्वनाथ नगायच, श्रीकांत तिवारी निर्णायक की भूमिका में रहे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सरपंच कन्हैयालाल आदिवासी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात बैंड पार्टी द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई, तत्पश्चात उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। शैक्षणिक संस्थाओं के नन्हे-मुन्ने बालको ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। एक से बढ़कर एक प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट लगातार जारी रही। साथ ही बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए लगातार हजारों रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जा रही थी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को ग्राम पंचायत द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। समूचे कार्यक्रम का सफल संचालन शिवाकांत पांडे ने किया। आभार प्रदर्शन ग्राम पंचायत सचिव कन्हैयालाल अहिरवार ने किया। वही उपस्थित नागरिकों का स्वागत करीम खान, गोपी साहू ने किया। कार्यक्रम में पंचायत के समस्त पंचों जनप्रतिनिधियों ग्राम के गणमान्य नागरिकों समस्त शासकीय कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

#### भाजपा का ध्वजारोहण

भारतीय जनता पार्टी का ध्वजारोहण गोल बाजार में श्याम नायक द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉक्टर रामनारायण कुसमया, डॉ आर के मिश्रा, अमृत लाल साहू, रूद्र प्रकाश पौराणिक, रामसुमंत मिश्रा, नन्नू लाल राय, केशव प्रसाद कुसमया, आबिद बजाज, लखन सेन, बबलू लोधी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया।

#### पुलिस ने किया ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस के अवसर पर थाना परिसर में थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। पुलिस स्टाफ ने परेड के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सलामी दी। इस मौके पर गणमान्य नागरिकों के साथ समूचे पुलिस स्टाफ की उपस्थिति रही।

#### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ध्वजारोहण प्रभारी प्राचार्य ए के राजोरिया ने किया, तत्पश्चात मां वीणावादिनी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात शाला स्टाफ द्वारा अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में संगीत, भारत गीत, भाषणों, नाटकों की प्रस्तुति दी गई। जिसकी काफी सराहना की गई। समूचे कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक कैलाश बाबू रिछारिया, जाहर सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में शिक्षक श्रीमती रीना साहू, चंद्रभान साहू, रामचंद्र साहू अग्रणी नजर आए।

#### साईं चिल्ड्रन्स एकेडमी

साईं चिल्ड्रंस एकेडमी में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में बड़े धूमधाम के साथ तिरंगा फहराया गया। स्कूली बच्चों ने मनमोहक देशभक्ति, भक्तिगीत से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों को भावविभोर कर दिया। देश भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति के साथ देश भक्ति नाटक प्रस्तुत किए। संस्था अध्यक्ष श्याम नायक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर बतौर अतिथि के रूप में कौशलाधीश मंदिर महंत विनय शुक्ला, डॉक्टर रामनारायण कुसमया, डॉ आर के मिश्रा, अरविंद चतुर्वेदी रिटायर्ड आर्मी, जिला पंचायत सदस्य मनीष तंतुवाय, राममनोहर तिवारी, हरिराम नायक, दिनेश तंतुवाय की उपस्थिति रही। संस्था प्रमुख लवकेश नायक द्वारा अतिथियों को मेडल लगाकर स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम कौशलाधीश मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। समूचे कार्यक्रम का सफल संचालन अभिषेक राज नायक ने किया। इस अवसर पर शिक्षक नरेश अहिरवार, श्रीमति रश्मि नायक, श्रीमती पूनम साहू, श्रीमति प्रियंका राय, रश्मि राय, प्रार्थना तिवारी, वंशिका असाटी, निशा मिश्रा, निधि ठाकुर, आरती रैकवार, के साथ ही ग्राम के गणमान्य नागरिकों अभिभावकों की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कृत करते हुए मिष्ठान वितरण किया गया।

## जिला आयुष अधिकारी का किया औचक निरीक्षण



**तेंदूखेड़ा।** जनपद क्षेत्र के आयुष औषधालय, झलोन सर्रा में मंगलवार को जिला आयुष अधिकारी राजकुमार पटेल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान आयुष औषधालय में उपस्थित आयुष चिकित्सा डॉक्टर रंजना सुहेसे, एच.डब्ल्यू.सी. प्रभारी रोशनी ठाकुर, और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता हेमलता रैकवार अनुपस्थित पाई गईं। निरीक्षण में यह निर्देश दिया गया कि संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक समझाइश दी जाए और भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराई जाए। इसके विपरीत, आयुष प्रभारी हेमंत असाटी, दवासाज अमर सिंह ठाकुर, और योग सहायक मुकेश ठक्कर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए उपस्थित रहे। जिला आयुष अधिकारी ने सभी कर्मचारियों को हिदायत दी कि आयुष औषधालय में नियमित उपस्थिति एवं कर्तव्यपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं मिलती रहें।

## खास बातें

### खो-खो प्रतियोगिता में हुआ चयन

**दमोह।** सुभाष कॉलोनी निवासी कुलदीप फरेला के सुपुत्र मयंक फरेला का चयन सब जूनियर राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जहां दमोह खो-खो संघ की जिला सचिव दीपाली अग्रवाल ने बताया की मयंक फरेला का चयन 35 वां खो- खो राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए दमोह से हुआ है। मध्यप्रदेश खो-खो सब जूनियर टीम के चयनित हुए सभी खिलाड़ी हरियाणा के कुरुक्षेत्र में खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### साध्वी सरस्वती देवी जी का आगमन आज

**दमोह।** साध्वी सरस्वती देवी का आगमन आज राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं कथावाचक साध्वी सरस्वती देवी का आगमन आज 29 जनवरी को पॉलिटेक्निक ग्राउंड जबलपुर नाका में होने वाले नगर के विराट हिंदू सम्मेलन में होगा जहां साध्वी का ओजस्वी उद्बोधन होगा।

### ज्योति पटेल उत्कृष्ट कार्य के लिए हुई सम्मानित

**रनेह।** गणतंत्र की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहे कर्मचारी के सम्मान में एमएलबी परिसर में आयोजित विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसी श्रृंखला में महिला बाल विकास परियोजना हटा के सेक्टर रनेह की आंगनवाड़ी केंद्र बरखेरा चैन की कार्यकर्ता ज्योति पटेल द्वारा पोषण ट्रैकर एप का उपयोग करते हुए पोषण सेवाएं एवं शाला पूर्व शिक्षा क्षेत्र में अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन पूर्ण लगन निष्ठा पूर्वक किया गया जो एक उत्कृष्ट कार्य है। उत्कृष्ट कार्य के लिए कार्यालय अनुभागीय अधिकारी दंडाधिकारी हटा द्वारा सामूहिक कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम पटेल, विधायक उमा देवी खटीक ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कृषकों के लिए फसल संबंधी आवश्यक सलाह

**दमोह।** अचानक मौसम बदलाव के कारण रबी फसलों में नुकसान देखा गया, जिसमें चना, मसूर, मटर, अलसी इत्यादि में पानी एवं तेज हवा के कारण फसलों का गिर जाना एवं फूलों का झड़ जाना इत्यादि जिसके कारण गिरी हुई फसल में ज्यादा नमी के कारण फफूंद जनित रोगों का आक्रमण होने की संभावना रहेगी। नियंत्रण के लिए फफूंदनाशक जैसे- थायोफेनेट मिथाइल+ कासूगामाइसिन 400 मि.ली. एकड़ की दर से छिड़काव करें एवं **Fosetyl-Al**80 **WP** फफूंदनाशक 250 ग्राम/एकड़ का छिड़काव कर सकते हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह द्वारा किसान भाईयों को सलाह देते हुए कहा इस पानी के गिरने से गेंहू की फसल में फायदा है, जहां-जहां पर चना एवं मटर में इल्ली की समस्या आ रही है, वहां पर किसान भाई इमामेक्टिन बेज्जोएट कीटनाशक 80-100 ग्राम/एकड़ की दर से छिड़काव कर सकते हैं, मसूर में लाल पत्ती रोग जिसे हम (गेरूआ या रस्ट) बोलते हैं, उसके नियंत्रण हेतु निम्न कासूगामाइसेन+कॉपर ऑक्सीक्लोराइड का छिड़काव किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा वर्तमान में 01 से 3 फरवरी को बारिश की संभावना है, जो फसले कटाई की अवस्था में आ गई हैं जैसे- मटर या देशी वटरी की कटाई एक हफ्ते तक ना करें एवं जो फसले खलिहान में रखी है, उनको बारिश से बचाने का उपाय किए जाए।

# प्राइवेट बैंक कर्मचारी का शव जंगल में मिला, पत्थरों से कुचलकर की हत्या

**तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौकी के सागोनी के जंगल में मिला शव मृतक की पहचान ग्राम कुड़ई थाना पटेरा के रूप में हुई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

बुधवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम सागोनी कला के जंगल में एक युवक की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की गई मृतक की पहचान विनोद अहिरवाल पिता गोपी उर्फ दयाराम अहिरवाल, उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी कुड़ई थाना पटेरा के रूप हुई है युवक का शव सागोनी के जंगल में संदिग्ध अवस्था में पाया गया मृतक के चेहरे और सिर पर पत्थरों से कुचलने के गंभीर निशान पाए गए हैं । घटना की सूचना मिलते ही तेन्दूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद कुमार ठाकुर इमलिया चौकी प्रभारी अक्षेद्रनाथ पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की गई साथ ही दमोह से एसएफएल की टीम भी मौके पर पहुंची प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को जंगल में लकड़ी काटने गए लकड़हारों ने शव को देखा, जिसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि युवक की हत्या सिर पर पत्थर पटककर की गई है। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर पंचनामा कार्रवाई की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है आरोपी अज्ञात है लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गंभीरता से जांच कर रही है।

### मृतक प्राइवेट बैंक में करता था

घटनास्थल पर पुलिस को मृतक युवक की बाइक बरामद हुई है जिसका नंबर एमपी 34 एमएल 35.99 है साथ ही मृतक विनोद अहिरवार जो कि दमोह में किसी प्राइवेट बैंक में था और समूह का कार्य करता था और महिलाओं का समूह बनाकर पैसा देता था बताया गया है मंगलवार को मृतक समूह की राशि का कलेक्शन करने के लिए घर से निकला था और देर-रात तक घर नहीं पहुंचा परिजनों ने खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चल सुबह घटना की सूचना पुलिस द्वारा परिजनों को दी गई है और परिजन मौके पर पहुंचे पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां शव का पोस्टमार्टम कराया गया और परिजनों के सुपुर्द कर आगे की जांच पड़ताल शुरू की गई।

### इनका कहना है

तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया सुबह सूचना मिली थी कि जंगल में एक युवक का शव है सूचना पर मौके पर पहुंचा और जांच-पड़ताल की गई मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा मृतक के परिजनों से भी जानकारी ली जा रही है। पुलिस संभावित संदिग्धों पर नजर बनाए हुए है और जल्द ही घटना का खुलासा किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना के बाद क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है तथा किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने का अनुरोध किया है।

### सड़क सुरक्षा माह में लगाई गई यातायात नियमों की पाठशाला

**दमोह।** पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशन में ''सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम'' पर दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 तक 'सड़क सुरक्षा माह' का आयोजन किया जा रहा है। जिसके पालन में श्रुतकीर्ति सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के मार्गदर्शन में दलवीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। दिनांक 28.01.2026 को दलवीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा अभियान के तहत मिशन उच्चतर माध्यमिक स्कूल दमोह में यातायात जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान उपस्थित स्कूल के करीब 200 छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, 18 वर्ष से पूर्व बिना वैध लायसेंस के वाहन न चलाने, इंमरजेंसी वाहनों को सदैव रास्ता देने, चार पहिया वाहन में सीट वेल्ट का प्रयोग करने, रस ड्राईविंग न करने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न बैठने, राहवीर योजना के तहत वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर में नजदीकी अस्पताल/ट्रामा सेंटर पहुंचाकर मदद करने तथा सड़क पर चलने के तरीके एवं यातायात नियमों का पालन करने एवं कराने की समझाईश दी गई। उपस्थित स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टॉफ को यातायात जागरूकता संबंधी पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया।

# ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत सकोर में हुआ ग्रामोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिनौताकलां

मध्यप्रदेश सरकार के दो बर्ष पूर्ण होने के अवसर शासन की उपलब्धियों को आम जन मानस तक पहुंचानें एवं शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहि योजनाओ से वंचित न रहे।इस उद्देश्य को लेकर मध्यप्रदेश शासन द्वारा जन अभियान परिषद के माध्यम से दिनांक 12 से दिनांक 16जनवरी 026 तक ग्रामो में जाकर नवांकुर संस्थाओ एवं प्रस्फुटन समितियों के ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिला दमोह के विकास खण्ड हटा की ग्राम पंचायत सकोर में श्री हनुमानजी मंदिर प्रांगण में ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नवाकुर संस्था संत नामदेव शिक्षा समिति हटा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति निवाई माफी एवं प्रस्फुटन समिति सकोर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के पूर्व शासकीय माध्यमिक शाला सकोर की बालिकाओं द्वारा मंदिर परिसर में आकर्षक मनमोहन कलां का परिचय देते हुए रंग बिरंगी रंगोली कलाकृतियों को उकेरा एव कार्यक्रम के पूर्व कार्यक्रम में सम्मिलित अतिथियों ने अवलोकन किया। एवं बालिकाओं की कौशल कलां की भूरी प्रशंसा की । सरस्वती जयंती बसंत पंचमी के लिए शुभ अवसर पर मंचीय कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सर्व प्रथम मां सरस्वती , मां भारती , स्वामी विवेकानंद जी के चित्रो पर



माल्यार्पण पूजन उपरांत ग्राम की 35बर्ष से सांस्कृतिक क्षेत्र सक्रिय कलाकारो द्वारा मां सरस्वती को समर्पित देवी गीत से प्रारंभ हुआ। इसी श्रंखला में ग्राम निवाई माफी की महिलाओ द्वारा भजनों का गायन वादन किया गया।जिसे नवांकुर संस्था द्वारा अतिथियों के माध्यम से प्रशस्ति पत्र एवं फूल माला से सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के समन्वयक श्री सुशील नामदेव जी ने अपने साथ गर्भित मेंउद्बोधन में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की व्याख्या समझाते हुए कहा कि अपने ग्राम को कैसे आगे बढ़ाये, शासन की योजनाओ में जनता का क्या योगदान हो सकता है। शासन के प्रयास में जनता की सहभागिता जोड़ने के लिए ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आप सभी को महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित श्री राजेन्द्र कृष्ण कुसमरिया, पुजारी पं दिनेश गोस्वामी,पं मनोज गोस्वामी, सरपंच प्रतिनिधि युवराज कुसमरिया, शासकीय माध्यमिक शाला के प्रमुख श्री सुरेश कुसमरिया जी, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड हटा समन्वयक श्रीमती पुष्पा सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कु शिवानी चौरसिया, श्रीमती चन्द्रलेखा मिश्रा, रामशरण ज्योतिषी, कृष्ण कान्त लखेरा, परामर्शदाता श्रीमती शिवानी लखेरा,विजय पटेल डोली, लक्ष्मी पटेल ग्राम पंचायत सचिव राजेश कुर्मी,की उपस्थिति में शासकीय माध्यमिक शाला में कक्षा आठवीं एवं पांचवीं सर्वाधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण छात्र/छात्रों को संस्था द्वारा मेडल पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन संस्था के कार्यक्रम समन्वयक नीलेश अवस्थी ने किया एवं अन्य में आभार प्रदर्शन संस्था संचालक सुरेश कुमार नामदेव द्वारा किया गया।

# मैनिट की रिपोर्ट में चिन्हित सभी त्रुटियों को निर्धारित समय-सीमा के भी तर दूर किया जाए-कलेक्टर



**कलेक्ट्रेट में बनी नई समन्वय शाखा, ब्लैक स्पॉट सुधार पर तेज़ी से काम होंगे प्रारंभ**

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि जिला प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय और संवाद बना रहे। इसी उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं वनमण्डलाधिकारी ईश्वर जरांडे के साथ मिलकर यह व्यवस्था बनाई गई है कि विभागीय समन्वय बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएँ। इस पहल को मजबूत करने के लिए कलेक्ट्रेट में "समन्वय शाखा" के नाम से एक नई शाखा की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि पिछली समन्वय बैठक सितंबर माह में हुई थी, जबकि आज पुनः व्यापक स्तर पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व, वन, पुलिस, स्वास्थ्य, आबकारी, परिवहन तथा निर्माण से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर जिला सड़क सुरक्षा एवं यातायात समिति की बैठक भी संपन्न हुई। बैठक में जिले के 14 ब्लैक स्पॉट से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जो मैनिट भोपाल से प्राप्त हुई है। मैनिट के प्रोफेसर एवं उनकी टीम ने मौके पर उपस्थित सभी अधिकारियों के समक्ष विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने तुरंत कार्यवाही प्रारंभ कर दी है, ताकि ब्लैक स्पॉट को सुरक्षित और सामान्य स्थिति में बदला जा सके। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा एक अहम निर्णय लेते हुए सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मैनिट की रिपोर्ट में चिन्हित सभी त्रुटियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर दूर किया जाए। इसके अलावा अन्य विभिन्न रिपोर्टों पर भी गहन चर्चा की गई। बैठक में वन एवं राजस्व विभाग की भूमि सीमांकन, परिवहन, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागीय विषयों पर विचार-विमर्श हुआ और अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने कहा प्रशासन का प्रयास रहेगा कि ऐसी समन्वय बैठकें प्रत्येक माह आयोजित की जाएँ, ताकि योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन और जनहित में त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके।

# स्टेट बैंक पटेरा में थैला काटकर पैसे ले उडे जेब कतरे





**पटेरा।** बुधवार को नगर के स्टेट बैंक में दो जेब कतरों ने फिल्मी स्टाइल में एक व्यक्ति के करीब पचास हजार रुपए पार कर दिए जब व्यक्ति ने अपना थैला देखा तो भौचक्का रह गया एवं बैंक को जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सगौनी स्टेशन निवासी दशरथ विश्वकर्मा धान बिक्री के पैसे निकालने पटेरा स्टेट बैंक आया था। पिछले तीन चार दिन से बैंक बंद होने के कारण बैंक में बेहद भीड़ थी, व्यक्ति ने काउंटर से पैसे प्राप्त कर के अपने थैले में रख लिए। तभी भीड़ का फायदा उठाकर 2 महिलाओं ने उस थैले में ब्लेड की मदद से थैले को काटकर रुपए पार कर दिए। जैसे ही व्यक्ति ने थैले में हाथ डालकर पैसे देखे तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन फानन में उसने बैंक से संपर्क किया परन्तु लंच टाइम होने से उसे संतोषप्रद जवाब नहीं मिला। उसने 112 डायल पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने बैंक सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल

**बटियागढ़।** ग्राम अंजनी के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल दमोह रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, आंजनी की टपरियों में रहने वाला छोटू (उम्र 22 वर्ष), पिता खेत सिंह, अपने रिश्तेदार बहादुर सिंह (उम्र 40 वर्ष), पिता कृपाल सिंह, के साथ बाइक से ग्राम खेजरा जा रहा था। इसी दौरान ग्राम अंजनी के पास पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर राहगीरों ने तुरंत मदद की और डायल 112 को सूचना दी। मगरोन थाना से पायलट दीनदयाल पटेल और एएसआई शिवकुमार कलासिया मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल दमोह रेफर कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**गंदगी और लापरवाहीः बीमारियों को खुला आमंत्रण**

# बस स्टैंड पर स्थित सार्वजनिक शौचालय में गंदगी का समंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

किसी भी नगर एवं ग्राम का मुख्य बस स्टैंड उस ग्राम का हृदय स्थल कहलाता है जहां पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों का आना-जाना होता है ऐसे स्थान पर स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। परंतु जबेरा ग्राम के मुख्य बस स्टैंड पर निर्मित सार्वजनिक महिला /पुरुष प्रसाधन में लापरवाही एवं उपेक्षा के चलते इस समय इतनी गंदगी व्याप्त है कि इसका उपयोग करना तू दूर की बात है। आमजन इसके पास से गुजरने में भी नाक भौं सिकोड़ते हैं। ज्ञात हो कि बस स्टैंड जबेरा के कायाकल्प के नाम पर यहां पर पूर्व से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय को भी तोड़ दिया गया है। यात्रियों को बस स्टैंड पर बैठने की तो कोई सुविधा है नहीं यात्री यहां वहां खड़े होकर के बस का इंतजार करते है। हा एक सार्वजनिक प्रसाधन जरूर बनाया गया था जिसमें आज दिनांक तक किसी के द्वारा कोई भी साफ सफाई नहीं की जाती है जिसका मुख्य कारण यह सार्वजनिक प्रसाधन जनपद पंचायत जबेरा एवं ग्राम पंचायत जबेरा के बीच पिस रहा है। इसकी सफाई के बारे में जब जन पंचायत जनपद पंचायत जबेरा में संपर्क किया गया तो बताया गया कि इसको



ग्राम पंचायत के हैंड ओवर कर दिया गया है। साफ सफाई का जुम्मा ग्राम पंचायत का है वही ग्राम पंचायत का कहना है कि ग्राम पंचायत के पास आय का कोई साधन नहीं है। बस स्टैंड पर निर्मित समस्त दुकानों का किराया जनपद पंचायत जबेरा के द्वारा वसूल किया जाता है तो बस स्टैंड पर निर्मित सार्वजनिक प्रसाधन की साफ सफाई का जुम्मा भी जनपद पंचायत जबेरा का ही है। इस तरह से यहां की साफ सफाई न होने से आने-जाने वाली यात्रियों के साथ-साथ बस स्टैंड पर निर्मित दुकान के संचालकों में भी बीमारी फैलने का भय व्याप्त है, ग्राम के जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि शीघ्र ही यहां पर एक नियमित सफाई कर्मी की व्यवस्था की जावे यदि तीन दिवस के अंदर सार्वजनिक शौचालय में साफ सफाई नहीं की जाती है तो ग्राम वासियों के द्वारा व्यापक आंदोलन किया जावेगा।

# पत्नी की हत्यारे आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

न्यायालय एडीजे चतुर्थ जितेंद्र नारायण ने आरोपी अखिलेश तिवारी पिता पूरन लाल तिवारी उम्र 47 वर्ष निवासी मलैया मील के पास मांगज वार्ड नंबर 4 जिला दमोह को बी एन एस की धारा 103(1)में आजीवन कारावास से एवं 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। मामले की जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक गिरीश राठौर ने बताया कि थाना कोतवाली के उपनिरीक्षक योगेन्द्र गायवाड को उसके पदीय हैसियत से जिला अस्पताल दमोह में एक महिला को चाकू लगने से घायल होने पर भर्ती की सूचना पर इलाजरत आहत रजनी तिवारी के पास पुलिस अधिकारी पहुंचा।

पुलिस अधिकारी के द्वारा आहत से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आहत रजनी तिवारी ने इस आशय की रिपोर्ट लेख करायी कि 29 दिसम्बर 2024 को शाम करीब 7 बजे वह बृजवासी रेस्टोरेंट के पास अभिषेक तिवारी से खाना बनाने के पैसे लेने गयी थी। बृजवासी रेस्टोरेंट के पास उसका पति अखिलेश तिवारी मिला और उसे तलाक के विवाद को लेकर मां-बहिन की गंदी-गंदी गालियां देने लगा। उसने गालियां देने से मना किया तो अखिलेश तिवारी ने अपने पास से चाकू निकाला और उसे जान से मारने की नियत से चाकू मारा जो उसे पेट की नाभी के नीचे लगा। खून निकलने लगा, वह नीचे गिर गयी तो अखिलेश ने उसे पीठ में भी चाकू मारे। वह चिल्लायी तो मौके पर गज्जू ठाकुर, उसका लड़का अंकित तिवारी आ गये और उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल ले आये। आहत की रिपोर्ट अखिलेश तिवारी के विरूद्ध धारा 296, 109 बी.एन.एस. अपराध पंजीबद्ध किया गया। आहत रजनी को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया, इलाज दौरान 02 जनवरी 2025 को आहत रजनी तिवारी की मृत्यु होने पर प्रकरण में धारा 103 (1) बी.एन.एस. का इजाफा कर प्रकरण में विवेचना में लिया गया।

पुलिस ने अनुसंधान से सुसंगत कार्यवाहियां जप्ती, गिरफ्तारी पूर्ण कर अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायलाय में प्रस्तुत किया। विचारण उपरांत अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी अखिलेश तिवारी को बी एन एस की धारा 103 (1)में आजीवन कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक गिरीश राठौर द्वारा की गई।

# युवा कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**माघ मेले में शंकराचार्य जी से कथित दुर्व्यवहार का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

प्रयागराज के माघ मेले में जगतगुरु आदि शंकराचार्य श्री अवि मुक्तेश्वरा नंद जी एवं साधु संतों ,शंकराचार्य जी के बुटकों के साथ उत्तर प्रदेश की सरकार के द्वारा किए गए तथा कथित दुर्व्यवहार के विरोध में अब युवा कांग्रेस मैदान में उतर आई है उसी क्रम में जबेरा युवा कांग्रेस की नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार जबेरा को एक ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन सौंपते हुए युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष धन सिंह ने कहा कि यूपी सरकार के द्वारा शंकराचार्य जी को गंगा स्नान से रोकना उनके साथ दुर्व्यवहार करना और साधु संतों का अपमान करना एक अंत अत्यंत निंदनीय घटना है इससे देश की समस्त हिंदू समाज की धार्मिक



भावनाएं आहत हुई है अतः हम मांग करती हैं कि यूपी सरकार तत्काल ही शंकराचार्य जी से माफी मांगे , दमोह जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि साधु संतों का अपमान , नहीं सहेगा हिंदुस्तान इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष दृग पाल सिंह लोधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का दोहरा चरित्र उजागर हो गया है एक तरफ भाजपा हिंदुत्व की राजनीति करती है दूसरी ओर साधु संतों को गंगा स्नान करने से रोक कर उनकी चोटी पड़कर घसीटती है यह न केवल जगतगुरु शंकराचार्य का बल्कि समस्त संत समाज का एवं समूची हिंदू समाज का अपमान है। युवा कांग्रेस विधानसभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नकली चोला पहने हुए हैं वे धर्म के नाम पर राजनीति करते हैं एवं साधु संतों का अपमान करवा रहे है जगतगुरु का रथा रोका गया है, उन्हें स्नान करने नहीं दिया गया दूसरी ओर योगी आदित्यनाथ के एक चाटुकार , चहेते

संत 4 करोड़ की गाड़ी से मेले में घूम रहे हैं उन्हें नहीं रोका जा रहा है क्योंकि वह इस सरकार के चाटुकार हैं। शंकराचार्य जी गाय माता को काटने से बचा रहे हैं इसी कारण उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार उन्हें रोक रही है भाजपा सरकार चाहती है कि गाय कटती रहे साधु संतों का अपमान होता रहे। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दृग पाल सिंह लोधी ने आरोप लगाया कि शंकराचार्य जी के साथ अभद्र व्यवहार किया गया जो अत्यंत ही शर्मनाक है कांग्रेसी नेताओं ने नारे-बाजी करते हुए उत्तर प्रदेश की सरकार से मांग की है कि साधु संतों के अपमान में संलिप्त दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कठोरतम दंडात्मक कार्यवाही की जाए, अन्यथा कांग्रेस को पुनः आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा । इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी, सचिन तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी ,राजा खान, दिनेश दुबे ,विवेक तिवारी ,जवाहर लोधी ,रवि सोनी, वीर पटेल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।